# *संस्कृति मंत्रालय*

## मांग संख्या 19

### संस्कृति मंत्रालय

क. वसूलियाँ को घटाने के बाद बजट आबंटन इस प्रकार है:

*(करोड़ रुपए)*

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2010-2011 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2011-2012 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | संशोधित 2011-2012 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2012-2013 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राजस्व | 693.80 | 592.67 | 1286.47 | 745.00 | 553.00 | 1298.00 | 765.00 | 573.00 | 1338.00 | 826.00 | 583.00 | 1409.00 |
| | ***पूंजी*** | ***35.17*** | ... | *35.17* | *40.00* | ... | *40.00* | *40.00* | ... | *40.00* | *38.00* | ... | *38.00* |
| | **जोड़** | **728.97** | **592.67** | **1321.64** | **785.00** | **553.00** | **1338.00** | **805.00** | **573.00** | **1378.00** | **864.00** | **583.00** | **1447.00** |
| 1. सचिवालय-सामाजिक सेवाएं | 2251 | 2.84 | 18.26 | 21.10 | 3.80 | 18.55 | 22.35 | 4.30 | 21.75 | 26.05 | 4.50 | 22.30 | 26.80 |
| **कला और संस्कृति** | | | | | | | | | | | | | |
| **कला और संस्कृति का संवर्धन** | | | | | | | | | | | | | |
| 2. क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र | 2205 | 23.45 | ... | 23.45 | 17.00 | ... | 17.00 | 26.92 | ... | 26.92 | 31.00 | ... | 31.00 |
| 3. संगीत नाटक अकादमी | 2205 | 35.95 | 7.70 | 43.65 | 11.50 | 7.80 | 19.30 | 11.50 | 7.80 | 19.30 | 11.00 | 8.50 | 19.50 |
| 4. ललित कला अकादमी | 2205 | 10.14 | 6.69 | 16.83 | 7.00 | 6.76 | 13.76 | 6.11 | 6.76 | 12.87 | 7.00 | 7.50 | 14.50 |
| 5. साहित्य अकादमी | 2205 | 13.87 | 6.28 | 20.15 | 10.50 | 7.00 | 17.50 | 10.50 | 7.00 | 17.50 | 12.00 | 7.50 | 19.50 |
| 6. भारत महोत्सव | 2205 | ... | 1.32 | 1.32 | ... | 3.75 | 3.75 | ... | 1.75 | 1.75 | ... | 2.00 | 2.00 |
| 7. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र | 2205 | 24.55 | ... | 24.55 | 25.00 | ... | 25.00 | 25.00 | ... | 25.00 | 25.00 | ... | 25.00 |
| 8. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय | 2205 | 28.65 | 7.30 | 35.95 | 13.50 | 7.70 | 21.20 | 13.50 | 7.70 | 21.20 | 15.00 | 8.50 | 23.50 |
| 9. राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा | 2205 | 11.52 | 3.50 | 15.02 | 9.00 | 4.25 | 13.25 | 9.00 | 4.25 | 13.25 | 9.00 | 5.00 | 14.00 |
| 10. एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता | 2205 | 5.13 | 9.22 | 14.35 | 7.10 | 8.45 | 15.55 | 7.10 | 8.45 | 15.55 | 7.20 | 8.95 | 16.15 |
| 11. सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र | 2205 | 15.99 | 3.42 | 19.41 | 10.00 | 3.45 | 13.45 | 10.00 | 3.45 | 13.45 | 11.00 | 4.16 | 15.16 |
| 12. नृत्य, नाटक और नाट्यशाला केंद्र | 2205 | 30.16 | 0.73 | 30.89 | 28.00 | 1.55 | 29.55 | 31.00 | 1.55 | 32.55 | 37.63 | 1.55 | 39.18 |
| 13. गांधी शांति पुरस्कार | 2205 | ... | 0.01 | 0.01 | ... | 1.55 | 1.55 | ... | 1.55 | 1.55 | ... | 1.55 | 1.55 |
| 14. राष्ट्रीय संस्कृति कोष | 2205 | ... | ... | ... | 0.01 | ... | 0.01 | 0.01 | ... | 0.01 | 0.01 | ... | 0.01 |
| *15. शताब्दी /वर्षगांठ समारोह* | | | | | | | | | | | | | |
| 15.01 लाल बहादुर शास्त्री का जन्म शताब्दी समारोह | 2205 | 2.00 | 0.05 | 2.05 | 2.00 | 0.01 | 2.01 | 2.00 | 0.01 | 2.01 | 2.00 | 0.01 | 2.01 |
| 15.02 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम , 1857 की 150वीं वर्षगांठ समारोह | 2205 | 9.00 | 0.97 | 9.97 | 2.00 | 0.40 | 2.40 | 2.00 | 0.40 | 2.40 | 2.00 | 0.20 | 2.20 |
| 15.03 महात्मा बुद्ध के महापरिनिर्वाण का 2550वीं वर्षगांठ समारोह | 2205 | ... | 0.45 | 0.45 | ... | 0.30 | 0.30 | ... | 0.30 | 0.30 | ... | 0.10 | 0.10 |
| 15.04 खालसा विरासत परियोजना हेतु वित्तीय सहायता | 2205 | 3.53 | ... | 3.53 | 6.00 | ... | 6.00 | 6.00 | ... | 6.00 | 6.00 | ... | 6.00 |

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2010-2011 | | | बजट 2011-2012 | | | संशोधित 2011-2012 | | | बजट 2012-2013 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| *जोड़- शताब्दी /वर्षगांठ समारोह* | | *14.53* | *1.47* | *16.00* | *10.00* | *0.71* | *10.71* | *10.00* | *0.71* | *10.71* | *10.00* | *0.31* | *10.31* |
| 16. अन्य | 2205 | 120.39 | 100.29 | 220.68 | 157.19 | 39.75 | 196.94 | 155.19 | 58.84 | 214.03 | 140.86 | 42.37 | 183.23 |
| | 3601 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 1.00 | ... | 1.00 |
| | *जोड़* | *120.39* | *100.29* | *220.68* | *157.19* | *39.75* | *196.94* | *155.19* | *58.84* | *214.03* | *141.86* | *42.37* | *184.23* |
| **जोड़-कला और संस्कृति का संवर्धन** | | **334.33** | **147.93** | **482.26** | **305.80** | **92.72** | **398.52** | **315.83** | **109.81** | **425.64** | **317.70** | **97.89** | **415.59** |
| **पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय** | | | | | | | | | | | | | |
| 17. *भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण* | | | | | | | | | | | | | |
| 17.01 सामान्य घटक | 2205 | 151.47 | 267.71 | 419.18 | 144.00 | 286.00 | 430.00 | 161.75 | 285.00 | 446.75 | 165.70 | 296.50 | 462.20 |
| | 3601 | ... | ... | ... | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | 20.00 | 1.00 | 21.00 |
| | 3602 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 1.70 | ... | 1.70 |
| | *जोड़* | *151.47* | *267.71* | *419.18* | *144.00* | *287.00* | *431.00* | *161.75* | *286.00* | *447.75* | *187.40* | *297.50* | *484.90* |
| 17.02 ईएपी घटक | 2205 | 2.77 | ... | 2.77 | 8.00 | ... | 8.00 | 8.00 | ... | 8.00 | 5.00 | ... | 5.00 |
| *जोड़- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण* | | *154.24* | *267.71* | *421.95* | *152.00* | *287.00* | *439.00* | *169.75* | *286.00* | *455.75* | *192.40* | *297.50* | *489.90* |
| 18. भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार | 2205 | 4.56 | 14.18 | 18.74 | 4.55 | 15.90 | 20.45 | 4.55 | 16.70 | 21.25 | 4.80 | 17.20 | 22.00 |
| | 3601 | 0.32 | ... | 0.32 | 0.40 | ... | 0.40 | 0.40 | ... | 0.40 | 0.85 | ... | 0.85 |
| | 3602 | ... | ... | ... | 0.05 | ... | 0.05 | 0.05 | ... | 0.05 | 0.05 | ... | 0.05 |
| | *जोड़* | *4.88* | *14.18* | *19.06* | *5.00* | *15.90* | *20.90* | *5.00* | *16.70* | *21.70* | *5.70* | *17.20* | *22.90* |
| 19. राष्ट्रीय संग्रहालय | 2205 | 9.67 | 7.81 | 17.48 | 10.00 | 8.45 | 18.45 | 10.00 | 8.45 | 18.45 | 8.90 | 9.00 | 17.90 |
| 20. राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद | 2205 | 30.96 | 34.46 | 65.42 | 22.00 | 27.60 | 49.60 | 26.90 | 27.60 | 54.50 | 31.00 | 33.13 | 64.13 |
| 21. विज्ञान नगर | 2205 | 12.80 | ... | 12.80 | 11.00 | ... | 11.00 | 11.00 | ... | 11.00 | 11.00 | ... | 11.00 |
| 22. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण | 2205 | 9.54 | 17.26 | 26.80 | 10.00 | 17.85 | 27.85 | 10.00 | 17.85 | 27.85 | 11.50 | 18.10 | 29.60 |
| 23. नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली | 2205 | 8.60 | 9.30 | 17.90 | 5.50 | 9.90 | 15.40 | 5.50 | 9.90 | 15.40 | 5.75 | 10.50 | 16.25 |
| 24. भारतीय संग्रहालय, कोलकाता | 2205 | 7.89 | 9.59 | 17.48 | 12.00 | 6.75 | 18.75 | 7.47 | 6.36 | 13.83 | 7.50 | 7.00 | 14.50 |
| 25. सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद | 2205 | 10.00 | 10.89 | 20.89 | 8.00 | 9.12 | 17.12 | 8.00 | 9.12 | 17.12 | 9.00 | 9.50 | 18.50 |
| 26. इंदिरा राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल | 2205 | 7.47 | 2.90 | 10.37 | 9.00 | 3.10 | 12.10 | 9.00 | 3.10 | 12.10 | 9.00 | 3.70 | 12.70 |
| 27. अन्य कार्यक्रम | 2205 | 34.76 | 8.41 | 43.17 | 46.20 | 9.77 | 55.97 | 36.75 | 10.07 | 46.82 | 50.60 | 10.37 | 60.97 |
| **जोड़-पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय** | | **290.81** | **382.51** | **673.32** | **290.70** | **395.44** | **686.14** | **299.37** | **395.15** | **694.52** | **342.35** | **416.00** | **758.35** |
| **पुस्तकालय** | | | | | | | | | | | | | |
| 28. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता | 2205 | 12.40 | 22.54 | 34.94 | 15.00 | 23.60 | 38.60 | 15.00 | 23.60 | 38.60 | 15.00 | 23.00 | 38.00 |
| 29. दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी | 2205 | 4.08 | 12.41 | 16.49 | 5.00 | 11.70 | 16.70 | 4.45 | 11.70 | 16.15 | 5.00 | 12.00 | 17.00 |
| 30. राम राम मोहन राय लाइब्रेरी | 2205 | 38.50 | 3.70 | 42.20 | 30.50 | 3.44 | 33.94 | 30.50 | 3.44 | 33.94 | 33.00 | 4.00 | 37.00 |
| 31. अन्य पुस्तकालय | 2205 | 10.75 | 6.65 | 17.40 | 14.90 | 6.90 | 21.80 | 14.25 | 6.90 | 21.15 | 21.15 | 7.45 | 28.60 |
| | 3601 | 0.42 | 0.35 | 0.77 | 0.80 | 0.65 | 1.45 | 0.80 | 0.65 | 1.45 | 0.90 | 0.36 | 1.26 |
| | *जोड़* | *11.17* | *7.00* | *18.17* | *15.70* | *7.55* | *23.25* | *15.05* | *7.55* | *22.60* | *22.05* | *7.81* | *29.86* |

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2010-2011 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2011-2012 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | संशोधित 2011-2012 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2012-2013 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **जोड़-पुस्तकालय** | | **66.15** | **45.65** | **111.80** | **66.20** | **46.29** | **112.49** | **65.00** | **46.29** | **111.29** | **75.05** | **46.81** | **121.86** |
| *32. पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा सिक्किम के लाभार्थ परियोजनाओं/योजनाओं हेतु प्रावधान* | | | | | | | | | | | | | |
| 32.01 कला और संस्कृति संवर्धन हेतु परियोजनाएं/योजनाएं | 2552 | ... | ... | ... | 62.59 | ... | 62.59 | 62.59 | ... | 62.59 | 63.75 | ... | 63.75 |
| 32.02 पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहणालय | 2552 | ... | ... | ... | 11.81 | ... | 11.81 | 13.81 | ... | 13.81 | 18.05 | ... | 18.05 |
| 32.03 पुस्तकालय | 2552 | ... | ... | ... | 4.10 | ... | 4.10 | 4.10 | ... | 4.10 | 4.60 | ... | 4.60 |
| *जोड़- पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा सिक्किम के लाभार्थ परियोजनाओं/योजनाओं हेतु प्रावधान* | | *...* | *...* | *...* | *78.50* | *...* | *78.50* | *80.50* | *...* | *80.50* | *86.40* | *...* | *86.40* |
| 33. संस्कृति मंत्रालय द्वारा संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों की परियोजनाओं का निर्माण | 4202 | 35.17 | ... | 35.17 | 40.00 | ... | 40.00 | 40.00 | ... | 40.00 | 38.00 | ... | 38.00 |
| **जोड़-कला और संस्कृति** | | **726.46** | **576.09** | **1302.55** | **781.20** | **534.45** | **1315.65** | **800.70** | **551.25** | **1351.95** | **859.50** | **560.70** | **1420.20** |
| 34. वास्तविक वसूलियां | 2205 | -0.33 | -1.68 | -2.01 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *कुल जोड़* | | *728.97* | *592.67* | *1321.64* | *785.00* | *553.00* | *1338.00* | *805.00* | *573.00* | *1378.00* | *864.00* | *583.00* | *1447.00* |

| | विकास शीर्ष | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ग. योजना परिव्यय** | | | | | | | | | | | | | |
| 1. कला एवं संस्कृति | 22205 | 726.13 | ... | 726.13 | 702.70 | ... | 702.70 | 720.20 | ... | 720.20 | 773.10 | ... | 773.10 |
| 2. सचिवालय - सामाजिक सेवाएं | 22251 | 2.84 | ... | 2.84 | 3.80 | ... | 3.80 | 4.30 | ... | 4.30 | 4.50 | ... | 4.50 |
| 3. पूर्वोत्तर क्षेत्र | 22552 | ... | ... | ... | 78.50 | ... | 78.50 | 80.50 | ... | 80.50 | 86.40 | ... | 86.40 |
| **जोड़** | | **728.97** | **...** | **728.97** | **785.00** | **...** | **785.00** | **805.00** | **...** | **805.00** | **864.00** | **...** | **864.00** |

1. **सचिवालय सामाजिक सेवा:** मंत्रालय के सचिवालय के संबंध में वेतन एवं संबद्ध मदों पर होने वाले व्यय का प्रावधान इस शीर्ष के अंतर्गत है। इस व्यय में संस्कृति मंत्रालय के आधुनिकीकरण के अंतर्गत स्कीमें और सूचना प्रौद्योगिकी विकास तथा केंद्रीय सचिवालय पुस्तकालय सहित मंत्रालय में व्यावसायिक सेवाएं भी शामिल हैं।

केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार (के.सं.ग्र), संस्कृति मंत्रालय विशेष रूप से फील्ड अध्ययन तथा भारतीय सरकारी प्रलेखों के सन्दर्भ में सरकार के सबसे बड़े पुस्तकालयों में एक है। आज की तारीख में केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार परिसर में लगभग 7.10 लाख पुस्तकों का संग्रह है। के0 स0 ग्रं0 की सामग्रियों की ग्रंथसूची सम्बन्धी विवरण मशीन पठनीय फारमेट में उपलब्ध है। हाल ही में पुस्तकालय ने "दिल्ली पर पुस्तकें" तथा गुरूदेव रबीन्द्र नाथ टैगोर की 150वीं जन्म शताब्दी समारोह के भाग के तौर पर "गुरूदेव रबीन्द्रानाथ टैगोर पर पुस्तकें" के बारे में प्रदर्शनी आयोजित की।

2. **क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र:** क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों की परिकल्पना सांस्कृतिक संबंधों, जो क्षेत्रीय सीमाओं से पार जाती हैं, के प्रसार के उद्देश्य से की गई है। इस अवधारणा का उद्देश्य स्थानीय संस्कृतियों के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उसे और बढाना तथा साथ ही यह दर्शाना है कि ये किस तरह क्षेत्रीय पहचान में और अन्तत: भारत की सामासिक संस्कृति की समृद्ध विविधता में मिल जाती हैं। इन केन्द्रों ने पहले ही स्वयं को समग्र देश में संस्कृति के संवर्धन, परिक्षण और प्रसार के क्षेत्र में एक प्रमुख एजेंसी के रूप में स्थापित कर लिया है। मंच कलाओं के संवर्धन के अलावा, ये साहित्यिक तथा दृश्य कलाओं के सम्बद्ध क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

3. **संगीत नाटक अकादमी:** संगीत नाटक अकादमी की स्थापना मंच कलाओं के संवर्धन के उद्देश्य से 1953 में की गई थी। यह अकादमी भारतीय संगीत, नृत्य और नाटक के संवर्धन एवं विकास; मंच कलाओं में प्रशिक्षण के मानकों के अनुरक्षण;

संगीत, नृत्य और नाटक के विभिन्न रूपों से संबंधित सामग्रियों को पुनर्जीवित करने, उनके परिरक्षण, प्रलेखन तथा प्रसार और उत्कृष्ट कलाकारों को सम्मानित करने के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करती है।

4. **ललित कला अकादमी:** ललित कला अकादमी सृजनात्मक दृश्य कलाओं के क्षेत्र में कार्यकलापों के सम्पोषण तथा समन्वय और देश की सांस्कृतिक एकता का संवर्धन करने वाला एक राष्ट्रीय संगठन है।

5. **साहित्य अकादमी:** साहित्य अकादमी की स्थापना भारतीय साहित्य के विकास तथा सभी भारतीय भाषाओं में साहित्यि कार्यकलापों के सम्पोषण और समन्वय हेतु उच्च साहित्यिकक मानक निर्धारित करने और उनके माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

6. **भारत महोत्सव:** विदेशों में भारत महोत्सव तथा पारस्परिक आधार पर अन्य देशों के महोत्सवों को भारत में आयोजित करने की शुरूआत 1982 में की गई थी, जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और समकालीन सृजनात्मकता को विदेशों में प्रसारित करने तथा साथ ही दूसरे देश के जीवन, परम्परा तथा संस्कृति के परिदृश्य को वृहत् रूप में प्रस्तुत करना है। भारत महोत्सव अभी तक यू के, यू एस ए, जापान, स्वीडन, जर्मनी, चीन तथा थाइलैण्ड, में आयोजित किए गए हैं। भारत में फ्रांस, सोवियत रूस, जापान, स्वीडन, चीन तथा जर्मनी के महोत्सव पारस्परिक आधार पर आयोजित किए गए।

7. **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए):** आईजीएनसीए की स्थापना एक स्वायत्त न्यास के रूप में 1987 में की गई थी। यह एक ऐसा केन्द्र है जो ऐसे सभी कला रूपों के अध्ययन तथा अनुभव को समाहित करने के लिए स्थापित किया गया है, जो अपनी अलग पहचान होते हुए एक-दूसरे से जुड़े हैं। आई जी एन सी ए का प्रयास संसाधन सामग्री के संग्रह तथा कला और मानविकी, विज्ञान की शाखाओं में परस्पर संबंध, शारीरिक तथा भौतिकी सैद्धान्तिकी, मानव विज्ञान और समाजशाखा के क्षेत्र में मूल अनुसंधान के अपने कार्यक्रमों के माध्यम से सहायता प्रदान करना है।

8. **राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी):** एनएसडी की स्थापना, प्रशिक्षण प्रदान करने और देश में नाट्य कला का प्रचार करने के लिए 1959 में की गई थी।

9. **राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए), नई दिल्ली:** 1954 में स्थापित, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) एक अद्वितीय संस्था है, जो पिछली शताब्दी से भारत में दृश्य् कलाओं में हुए विकास और सचित्र परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। एन जी एम ए के मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता में सामान्य रूप से दृश्य और प्लास्टिक कलाओं के प्रति समझ और संवेदनशीलता को उत्पन्न करना है और विशेषतया समकालीन भारतीय कला के विकास को बढावा देना है।

प्राथमिक रूप से खरीद और उपहारों के माध्यम से निर्मित एनजीएमए के संग्रह में 1857 के समय के 17,813 चित्र, मूर्तियां, रेखाचित्र और फोटोग्राफ हैं और यह पूरे देश के लगभग 1742 समकालीन कलाकारों का प्रतिनिधित्व, करता है।

10. **एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता:** एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना 1784 में सर विलियम जोंस ने की। यह एक अद्वितीय संस्थान है, जिसने सभी साहित्यिक और वैज्ञानिक कार्यकलापों के मूलस्रोत के रूप में सेवा प्रदान की है। सरकार ने इसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया है।

11. **सांस्कृतिक स्रोत और प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी):** सीसीआरटी संस्कृति को शिक्षा से जोड़ने के लिए एक स्वायत्त संगठन है। यह केन्द्र सांस्कृतिक विषय-वस्तु के साथ भारतीय शैक्षिक प्रणाली को समृद्ध बनाने के विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त-करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता है।

12. **नृत्य, नाटक और मंच मंडलियों को सहायता:** इस स्कीम के अंतर्गत, प्रतिष्ठित स्वैच्छिक सांस्कृतिक संगठनों को देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए वेतन अनुदान और निर्माण (प्रोडक्शन) अनुदान के रूप में सहायता दी जाती है।

13. **गांधी शांति पुरस्कार:** 1995 में महात्मा गांधी की 125वीं वर्षगाँठ मनाने के एक भाग के तौर पर भारत सरकार ने अंहिसा और अन्य गाँधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक परिवर्तन के लिए एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय गाँधी शांति पुरस्कार आरंभ करने की घोषणा की थी। यह पुरस्कार भारत के माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक निर्णायक मण्डल (जूरी) द्वारा चुने गए व्यक्ति को दिया जाता है। इस पुरस्कार में 1.00 करोड़ रू. या विदेशी मुद्रा में इसके बराबर की धनराशि, एक पट्टिका और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाते हैं।

14. **राष्ट्रीय संस्कृति निधि (एनसीएफ):** धर्मस्व निधि अधिनियम, 1890 के अंतर्गत स्थापित एनसीएफ का उद्देश्य संस्कृति संबंधित प्रयासों के लिए राज्य सरकारों, सांविधिक निकायों, निजी निगमित क्षेत्र, सोसाइटियों, व्यक्तियों और संयुक्त राष्ट्रों और इसके सहयोगी निकायों से भी वित्तीय सहायता प्राप्त करना है। एनसीएफ, स्मारकों के परिरक्षण के क्षेत्र में निजी भागीदारी, विशेषत: निगमित क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करके सांस्कृतिक विरासत का सवंर्धन करती है।

15.01. **लाल बहादुर शास्त्री की जन्म शताब्दी समारोह:** लाल बहादुर शास्त्री जन्म शताब्दी समारोह के एक भाग के रूप में मांडा गॉव (उ. प्र.) में पॉलीटेक्नीक और सोलसिंदा (म.प्र.) में महिला पॉलीटेक्नीक संस्थान के निर्माण तथा इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड ऐनालिसिस (आईडीएसए) में श्री लाल बहादुर शास्त्री पीठ की स्थापना पर होने वाले व्यय को पूर्ण करने के लिए निधियां प्रदान की गई हैं।

15.02. **प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, 1857 का 150वां वर्षगाँठ समारोह:** यह प्रावधान शेष देयताओं के लिए किया गया है।

15.03. **भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण का 2550वाँ वर्षगांठ समारोह:** स्मरणोत्सव समारोहों के लिए निधियाँ प्रदान की गई हैं।

15.04. **खालसा विरासत परियोजना के लिए वित्तीय सहायता:** आनंदपुर में खालसा के जन्म की 300वीं वर्ष गांठ मनाने के लिए खालसा विरासत परिसर परियोजना हेतु किया गया है।

16. **अन्य:** अन्य में केंद्रीय उच्चतर तिब्बती अध्ययन संस्थान, केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, गाँधी स्मृति और दर्शन समिति, नव नालंदा महाविहार, मौलाना अबुल कलाम आजाद एशियाई अध्ययन संस्थान, कलाक्षेत्र प्रतिष्ठान तथा मंच, साहित्य एवं दृश्यकलाओं के क्षेत्र में कलाकारों को शिक्षावृत्तियाँ प्रदान करने की स्कीम, (प्रतिभाशाली कलाकारों को अध्येतावृति), कला में निष्णारत व्यक्तियों को सहायता, राष्ट्रीय कलाकार कल्याण निधि सृजित करना, जनजातीय/लोक कलाओं के लिए वित्तीय



http://indiabudget.nic.in

सहायता, हिमालयी कलाओं के लिए वित्तीय सहायता, बौद्ध/तिब्बती संस्थाओं के लिए वित्तीय सहायता, शताब्दी एवं वर्षगांठ समारोह, (गुरू रबीन्द्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की 150वीं जन्म वर्षगांठ समारोह), राष्ट्रीय स्मारकों का रखरखाव (सरदार बल्ल्भ भाई पटेल स्मारक का विकास और राजेन्द्र प्रसाद स्मारक का विकास और रखरखाव, राष्ट्रीय गांधी विरासत स्थल मिशन), दांडी विरासत गलियारा (कॉरिडोर), दांडी में स्मांरक एवं गुरू-ता-गद्दी के निर्माण लिए वित्तीय सहायता, सांस्कृतिक संगठनों के लिए भवन अनुदान, राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता (भारत में सांस्कृतिक संगठन – आर. के. मिशन को सहायता), एशियाटिक सोसाइटी, मुंबई, सांस्कृतिक कार्यकलापों में लगे हुए स्वैच्छिक संगठनों को अनुसंधान सहायता हेतु वित्तीय सहायता (सांस्कृतिक संगठनों का विकास) तवांग मठ और तिब्बत हाउस, अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यकलाप तथा भारत-मैत्री सोसाइटी और नामग्याल तक. तिब्बत शास्त्र अनुसंधान संस्थान शामिल हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, अन्यं स्कीमें जैसे, जलियाँवाला बाग स्मारक, एशियाटिक सोसाइटी, मुंबई का विकास, अमूर्त विरासत और सांस्कृतिक विविधता के क्षेत्र में सुरक्षा तथा अन्य संरक्षक उपायों (यूनेस्को सम्मेलन से उत्पन्न) की स्कीम, भारतीय संस्कृति और विरासत के विषय में जागरूकता के संवर्धन और प्रसार के लिए योजना स्कीम, सांस्कृतिक विरासत स्वंसेवक स्कीम (सीएचवी), सांस्कृतिक उद्योगों के लिए पायलट स्कीम, सांस्कृतिक संसाधन प्रबंधन केन्द्र, राष्ट्रीय मंचकला केंद्र की स्थापना और विदेश में भारतीय साहित्य के लिए स्कीम आरंभ की जाएंगी। इन स्कीमों/कार्यक्रमों के अलावा, यह मंत्रालय 12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए तैयार की गई कला और संस्कृति के अधीन बारह नई स्कीमों को कार्यान्वित करेगी जिसमें दो केंद्र द्वारा प्रायोजित स्कीम नामत: कोलकाता और चेन्नेई में अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करना और दस अन्य केंद्रीय स्कीमें नामत : (i) कला और संस्कृति संबंधी टी.वी.कार्यक्रमों के लिए स्कीम, (ii) उत्कृष्ट केंद्रों की स्थापना के लिए स्कीम, (iii)सजीव और भारत की विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं का सम्पोषण, (iv) भारतीय संस्कृति और विरासत को समर्पित पत्रिकाओं और जर्नलों के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता की स्कीम, (v) सहायता अनुदान स्कीमों के एमआईएस और स्वचलन की स्कीम, (vi) राष्ट्रीय/क्षेत्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना, (vii) वेनिस द्विवार्षिकी में भारत का स्थायी पण्डाल, (viii) बौद्ध दर्शन उच्चतर अध्ययन विद्यालय, टाबो (हि.प्र.), (ix) सांस्कृतिक विषयों संबंधी सेमिनारों, उत्सवों और विदेश जाने वाले कलाकारों और सांस्कृतिक व्यवसायिकों के लिए वित्तीय सहायता, और (x) नृत्य, संगीत, नाट्य जैसे किसी रूप में भारतीय संस्कृति का अध्ययन करने और/अथवा सीखने के इच्छुक विदेशी कलाकारों को वित्तीय सहायता की स्कीम शामिल है।

17. **भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.):** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की स्थापना देश में पुरातत्व-विषयक अवशेषों के सर्वेक्षण और उनके अध्ययन के मूल उद्देश्य से वर्ष 1861 में की गई थी। एएसआई संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है। इसके मुख्य कार्य हैं :- विश्व विरासत स्मारकों तथा पुरावशेषों सहित केन्द्रीय रूप से संरक्षित स्मारकों और स्थलों का परिरक्षण और पर्यावरणीय विकास, केन्द्रीकृत रूप से संरक्षित स्मारकों तथा स्थलों के आस-पास बागीचों का रख-रखाव तथा नए बागीचों का विकास, प्राचीन स्थलों का अन्वेषण और उत्खनन, उत्कीर्णो और भारतीय वास्तुकला के विभिन्न चरणों का विशेष अध्ययन, पुरातत्व स्थल संग्रहालयों का अनुरक्षण, पुरावस्तु और कलाकोश अधिनियम, का कार्यान्वियन तथा पुरातत्व के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और प्रशिक्षण।

18. **भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार:** संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों से संबंधित स्थायी मूल्य के प्राचीन अभिलेखों का केन्द्रीय संग्रह है। यह प्रख्यात भारतीयों के निजी दस्तावेज तथा विदेश से भारतीय हित के अभिलेखों की माइक्रोफिल्म प्रतियों का अर्जन और परिरक्षण करता है। यह ऐतिहासिक खोज हेतु सुविधाएं प्रदान करता है तथा अभिलेखीय अध्ययन विद्यालय, जो इस क्षेत्र में अनेक पाठ्यक्रम चलाता है, के माध्यम से वैज्ञानिक तरीकों पर देश में अभिलेखीय संवर्धन करता है।

19. **राष्ट्रीय संग्रहालय:** वर्ष 1949 में स्थापित राष्ट्रीय संग्रहालय, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक अधीनस्थ कार्यालय है। संग्रहालय के मुख्य कार्यकलापों में शामिल हैं- (i) कला और संस्कृति पर प्रकाशन निकालना; (ii) कला वस्तुओं का अर्जन और संरक्षण; (iii)भारत और विदेश में प्रदर्शनियों का आयोजन; (iv) भारतीय मूर्तिकला की श्रेष्ठ कृतियों के प्रतिरूप तैयार करना (v) दृश्य-श्रव्य और अन्य शैक्षिक कार्यक्रम, जिसमें आऊटरीच कार्यक्रम शामिल है।

20. **राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम):** राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद मुख्यत:, विज्ञान शिक्षकों, छात्रों, युवा उद्यमियों, तकनीशियनों आदि के लिए प्रदर्शनियाँ और सेमिनार आयोजित करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने में कार्यरत है।

21. **विज्ञान शहर:** विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास और वैज्ञानिक अभिवृत्ति तथा प्रकृति का विकास करने के विचार से उद्योग, मानव कल्याण और पर्यावरण में उनके अनुप्रयोग को प्रस्तुत करने तथा लोगों में आम जागरूकता उत्पन्न करने, उसका आत्मसात करने और सम्पोषण के लिए विज्ञान शहरों की स्थापना की जा रही है।

22. **भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण:** भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण की स्थापना वर्ष 1945 में की गई थी। यह भारत की जनसंख्या के संबंध में जैव-सांस्कृतिक खोज/अनुसंधान संचालित करता है, भारतीय जनता के बारे में वैज्ञानिक महत्व के दस्तावेजों का संग्रह और परिरक्षण करता है। सर्वेक्षण अपने मानव विज्ञान अनुसंधान के माध्यम से देश की जैविक, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत के संबंध में योगदान देता है।

23. **नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली:** यह संग्रहालय पुस्तकों, समाचार-पत्रों, अप्रकाशित संदर्भों, निजी दस्तावेजों, फोटोग्राफों, फिल्म दृश्यों के संग्रह और पंडित जवाहर लाल नेहरू से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अनुवाद का कार्य करता है। यह आधुनिक भारत के राष्ट्रीय नेताओं के दस्तावेजों के परिरक्षण के कार्य के लिए भी उत्तरदायी है।

24. **भारतीय संग्रहालय:** भारतीय संग्रहालय, संस्कृति मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन होने के साथ-साथ दीर्घाओं के पुनर्गठन और जीर्णोद्धार तथा नृजातीय नमूने और तकनीकी- सामाजिक एवं आर्थिक सांस्कृतिक डाटा प्राप्त करने का कार्य भी कर रहा है। इसके अंदर बहुमूल्य कलावस्तुओं और मूर्ति के प्राचीन संग्रह की बहुत बड़ी संख्या मौजूद है।

25. **सालारजंग संग्रहालय:** सालारजंग संग्रहालय, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। यह ऐतिहासिक महत्व की कलावस्तुओं के संरक्षण, परिरक्षण, अर्जन तथा शैक्षिक कार्यकलापों जैसे प्रदर्शनियों, लोकप्रिय व्याख्यानों, दीर्घा चर्चाओं, सेमिनारों आदि में लगा हुआ है।

26. **इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय (आईजीआरएमएस), भोपाल:** आईजीआरएमएस, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आईजीआरएमएस की एक विकासशील आन्दोलन ने रूप में परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य

भारत के विशेष संदर्भ में मानव के जैव एवं सांस्कृतिक विकास को दर्शाते हुए काल और स्थान में मानव जाति के इतिहास को चित्रित करना तथा देश के जीवन्त संग्रहालय को उसकी संस्कृतियों के विविध रूप तथा सामुदायिक ज्ञान प्रणालियों को पुन: अनुप्राणित करना है। इसे सामान्य मानव विज्ञान के इर्द- गिर्द इसके सांस्कृतिक विषय के रूप में विकसित किया जा रहा है।

27. **अन्य कार्यक्रम:** यह कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, जो एक स्वायत्तशासी संगठन है तथा स्वतंत्रता संग्राम के कला इतिहास को दर्शाने वाली कालावधि से सम्बधित समकालीन कला का एक निधान है, के लिए प्रावधान करता है। सांस्कृतिक सम्पदा के संरक्षण के तरीकों में अनुसंधान करने, संग्रहालयों, पुरातात्विक विभागों और अन्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए वर्ष 1976 में राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, जो एक अधीनस्थ कार्यालय है, की स्थापना की गई । इन दोनों के अतिरिक्त अन्य संस्थाओं/स्कीमों में इलाहाबाद संग्रहालय, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, स्थानीय संग्रहालयों का संवर्धन और सुदृढ़ीकरण तथा महानगरों में संग्रहालयों के आधुनिकीकरण की नई स्कीम शुरू की गई है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नौ नई स्कीम शुरू करने का प्रस्ताव है जिसमें शामिल है : (i) बड़े संग्रहालय की स्थापना के लिए पीपीपी; (ii) संग्रहालयों के अंकीकरण के लिए वित्तीय सहायता; (iii) संग्रहालय व्यावसायिकों के लिए प्रशिक्षण; (iv) संग्रहालय संबंधित विषयों के लिए प्रबंधकीय पाठ्यक्रमों हेतु वित्तीय सहायता; (v) राष्ट्रीय विरासत स्थल आयोग की स्थापना; (vi) राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण को वित्तीय सहायता; (vii) राष्ट्रीय संग्रहालय प्राधिकरण को वित्तीय सहायता; (viii) केंद्रीय संस्कृति विश्ववविद्यालय की स्थापना और (ix) मानव विज्ञान अनुसंधान परिणामों के प्रलेखन और प्रसार के लिए राज्य सरकारों/संगठनों को सहायता।

28. **राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता:** यह ऐसी सभी पठनीय और सूचनाप्रद सामग्रियों के एक प्रमुख निधान के रूप में कार्य करता है, जो भारत में तथा भारत के संबंध में विदेशों में तैयार की गई। इसके पास फारसी, संस्कृत, अरबी और तमिल पांडुलिपियों तथा दुर्लभ पुस्तकों का भी एक समृद्ध संग्रह है।

29. **दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी (डीपीएल):** 1951 में स्थापित यह पुस्तकालय, दिल्ली के नागरिकों को नि:शुल्क पुस्तलकालय सेवाएँ उपलब्ध कराता आ रहा है।

30. **राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता:** 1972 में स्थापित इस प्रतिष्ठान का उद्देश्य पर्याप्त पुस्तकालय सेवाएँ प्रदान कर तथा देश में पढ़ने की आदत का विकास कर पूरे देश में सार्वजनिक पुस्तकालय आंदोलन का संवर्धन और सहायता करना है।

31. **अन्य पुस्तकालय:** इनमें केन्द्रीय सन्दर्भ पुस्तकालय, कोलकाता केन्द्रीय पुस्तकालय, मुम्बई; पटना स्थित खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, रामपुर रज़ा पुस्तकालय, तंजावुर महाराजा सरफोजी सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजावुर और कोनेमेर पुस्तकालय, चेन्नई आदि शामिल हैं।

32. **पूर्वोत्तर क्षेत्रों और सिक्किम की परियोजनाओं/स्कीमों के लिए प्रावधान:** पूर्वोत्तर क्षेत्रों और सिक्किम हेतु विभिन्न संगठनों/स्कीमों द्वारा परियोजनाओं/स्कीम के कार्यान्वियन के लिए प्रावधान का उपयोग किया गया है।

33. **भवन परियोजनाएं:** मंत्रालय के संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों की भवन परियोजनाओं के लिए प्रावधान किया गया है।